# नौ तपा के बाद गर्मी ने किया बेहाल

## दिन का पारा 40 डिग्री पार, दिनचर्या अस्त व्यस्त

**छपारा, देशबन्धु ।** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जहां एक तरफ दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है तो रात में भी तापमान कम नहीं हो रहा है। रात का तापमान भी 31 से 34 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आ रहा है। जिससे लोगों को लगातार गर्म मौसम का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि गत पूरे मई माह में आंधी तूफान, पानी के चलते लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ। वही जून माह के लगते ही गर्मी ने अब प्रचंड रूप धारण कर लिया है। जिससे छपारा नगर सहित आसपास के क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। लगातार पड़ रही गर्मी के कारण लोग पूरी नींद नहीं ले पा रहे हैं, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि जहां एक ओर गत 25 मई से नौतपा में लगातार बेमौसम बरसात हुई, जिससे ऐसा लगा मानो इस साल गर्मी छुट्टी पर चली गई हो। वहीं दूसरी ओर 2 जून के बाद से मौसम में अप्रत्याशित बदलाव आया है। दिन के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है और रात में भी 31 डिग्री सेल्सियस से सुबह तक एक समान बना हुआ है।

पिछले एक सप्ताह से लगातार पड़ रही इस गर्मी ने आम लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोगों की दैनिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं और गृहिणियों को भी लगातार पड़ रही इस भीषण गर्मी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहने की उम्मीद है। प्रशासन ने लोगों से गर्मी से बचाव के उपाय करने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की है।

# मूंग के लिए गांव-गांव फूंकेंगे पुतले, निकालेंगे अर्थी

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश किसान सभा तहसील इकाई गाडरवारा की बैठक 10 जून को गंगाराम बघेले की अध्यक्षता में देवेंद्र वर्मा के फॉर्म हाउस सालीचौका में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी न किए जाने से सरेआम सरकार द्वारा लूट की खुली छूट दिए जाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। किसानों ने तय किया है कि जब तक सरकार मूंग खरीदी की घोषणा नहीं करती, गांव-गांव में उसके पुतले फूंके जाएंगे और अर्थी निकाली जाएगी।

किसान सभा किसानों को पूर्व से ही अवगत कराती चली आ रही है कि मोदी मोहन की डबल इंजन की सरकार चंद कॉर्पोरेट के हित में किसान मजदूर सहित आम जन को लूटने वाले कानून लाकर बर्बाद करते हुए भुखमरी की ओर धकेल रहे हैं।

आज सभी किसानों को मूंग खरीदी सरकार द्वारा 8768रु




### सरकार द्वार समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी न करने के विरोध में किसान सभा की बैठक

समर्थन मूल्य पर न किया जाने से 5से 6हजार रुपए क्विंटल में बेचने मजबूर हो रहे हैं जिसमें 2800से 3800रु प्रति क्विंटल की लूट हो रही है।

बैठक में किसान सभा के सचिव करणसिंह अहिरवार, उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, लीलाधर वर्मा, सहसचिव नरेंद्र वर्मा, रामसिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष लालसहब वर्मा,गंगाराम बघेले, तुलसीराम श्रीवास, नन्हेलाल वर्मा, भैरोप्रसाद विश्वकर्मा, विश्राम वर्मा, कमलेश पटेल,कालूराम वर्मा, यदुराज वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति अध्यक्ष जगदीश पटेल मध्य प्रदेश किसान सभा द्वारा दी गई है।

## मंडी गेट पर बनेगी मूंग की खिचड़ी, होगा पुतला दहन

सरकार से तत्काल मूंग खरीदी की अपेक्षा की जाती है यदि 11जून के पहले खरीदी की घोषणा नहीं होती तो 12जून को सालीचौका उपमंडी के सामने किसानों की मूंग को जहरीली बताया जा रहा है उसी मूंग की खिचड़ी बनाकर धरना प्रदर्शन करते हुए वहीं बनाकर खाएंगे और सरकार का पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे, यह क्रम 12जून से 27जून तक गांव गांव चलेगा जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पचामा में धरना प्रदर्शन पुतला दहन होते हुए सहावन, अड़ेगाव ,अमांडा, बांसुरिया, रहमा , सालीचौका सहित अन्य गांव में भी प्रदर्शन एवं पुतला दहन करते हुए 27जून को गाडरवारा तहसील के मुख्य मार्गो से सरकार की अर्थी निकालते हुए पुतला दहन कर राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम एस डी एम गाडरवारा को ज्ञापन सौंपकर समापन कर आगे के आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## सार-समाचार

### बहुप्रतिक्षित मोक्षधाम मार्ग का निर्माण

**लखनादौन, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्र.09 एव 07 के मध्य स्थित मोक्षधाम तक पहुंचने वाला मार्ग लम्बे अंतराल से बदहाल की स्थिति में था। जिसके लिये निरंतर नगरवासियों एवं वार्डवासियों द्वारा मांग की जा रही थी कि इस मार्ग का निर्माण काराया जावे चूंकि यह मार्ग बरसात के समय में चलने लायक नही रहता है और लोग यहां से परेशान होकर मोक्षधाम तक पहुंचते हैं। इस मांग को देखते हुये तत्कालीन अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के प्रयासों से लगभग 08 लाख की लागत से इस मार्ग का सी.सी.रोड निर्माण कार्य कराया गया है। जिससे अब मोक्षधाम तक पहुंचने के लिये लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### आदेगांव में बेखौफ जारी है सट्टा

**लखनादौन, देशबन्धु।** सामाजिक अपराध की रोक थाम और लोगों इस तरह के अपराधों से दूर रखने के लिये पुलिस द्वारा समय समय पर जागरूकता के कार्यक्रम किये जाते है । लखनादौन के समीपस्थ ग्राम आदेगांव में प्राप्त जानकारी अनुसार इन दिनों सट्टे का करोबार जमकर अपने पैर पसार चुका है । सोशल मीडिया में इन दिनों आदेगांव में ऑन लाईन सट्टा खिलाने एवं सटोरियों द्वारा पर्ची काटने के किस्से जमकर चल रहे हैं । लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार के सामाजिक अपराध की रोकथाम के लिये कोई कार्यवाही नही की जा रही है । जिससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस प्रशासन द्वारा इन सटोरियों को मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।

### चौधरी विभाष जैन अनूपपुर कांग्रेस प्रभारी नियुक्त

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं जबलपुर कांग्रेस के प्रभारी चौधरी विभाष जैन को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने माननीय राहुल गांधी के सृजन अभियान के अंतर्गत अनूपपुर का प्रभारी बनाया है।चौधरी विभाष जैन की इस नियुक्ति से चाहने वालों में हर्ष व्याप्त है अनूपपुर जिला कांग्रेस के प्रभारी बनाए जाने पर गोटेगांव से मुकेश बिलवार,सरदार सिंह राजपूत,द्वारका सिंह राजपूत,चौधरी कमलेश जैन(गुड्डा काका),अरशद मोहम्मद खान, अब्दुल रज्जाक खान, लक्ष्मी नारायण तिवारी,पंडित अरविंद तिवारी,टिंकू अग्रवाल,बिहारी चांदोरिया, ,शरीफ खान,दीनू छिरा,सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौधरी विभाष जैन को बधाई दी है। और कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया है।



### दिव्यांगों को उपकरण वितरण आज

**लखनादौन, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए सामाजिक न्याय विभाग जिला सिवनी के द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर के आयोजन किये जा रहे। जिसके तारतम्य में आज 12 जून को कार्यालय जनपद पंचायत लखनादौन में उक्त शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के अंतर्गत श्रवणबाधित, अस्थिबाधित, मानसिकबाधित, दृष्टिबाधित, एवं कृत्रिम अंग, साईकिल जैसे सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे।

# मानवीय सहायता हेतु डॉ. अनुराधा व अर्चना सम्मानित

**सौसर, देशबन्धु।** जिला पांढुर्णा के कलेक्टर अजय देव शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश को ज्ञात हुआ कि कुछ दिनों पूर्व थाना लोधीखेड़ा क्षेत्र की निवासी आशा पांडे की पुत्रियों अर्चना पांडे एवं डॉ अनुराधा पांडे ने दिल्ली में एक गरीब मृतक परिजनों की मदद की और उनका अंतिम संस्कार करवाया।

दयाराम बसोड़ निवासी पंधराखेड़ी, जो 19 मई को दिल्ली धार्मिक सत्संग के लिए गए थे परंतु सत्संग में पहुंचने से पहले ही दयाराम बंसोड़ की मृत्यु हो गई थी और उनका शव दिल्ली पुलिस को दिल्ली के ही एक ब्रिज के नीचे लावारिस स्थिति में मिला। दिल्ली पुलिस द्वारा खोजबीन करने पर शव के पास से बरामद आधार कार्ड पर लिखित मोबाइल नंबर पर पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से संपर्क किया गया। उक्त घटना की जानकारी मोहल्ले में रहने वाली सामाजिक कार्यकर्ता आशा पांडे को मिली।

उन्होंने दिल्ली में निवासरत उनकी दोनों बेटियों अर्चना पांडे एवं डॉ अनुराधा पांडे को फोन पर कॉल कर दिल्ली पुलिस के पास भेजा। पांडे बहनों ने मृतक बसोड़ के शव की शिनाख्त एवं पहचान करवाने तथा शव को नजदीकी अस्पताल के शवगृह में फ्रीजर में रखवाने में अहम भूमिका अदा की। मृतक के परिजनों के ग्राम पंधराखेड़ी से दिल्ली पहुंचने पर उनके साथ जाकर अंतिम संस्कार की पूर्ण विधि में अपना अमूल्य मानवीय सहयोग प्रदान किया।



इसके लिए अधिकारी द्वय द्वारा सिद्धार्थ पटेल एसडीएम सौंसर तथा डीवीएस नागर एसडीओपी सौंसर से चर्चा कर उन्हें सम्मानित करने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर नीरज सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा के मार्गदर्शन में अर्चना पांडे एवं उनकी माता आशा पांडे का एसडीएम सिद्धार्थ पटेल सौंसर एवं एसडीओपी नागर के द्वारा सम्मानित किया गया।

# नपा अध्यक्ष ने माना हो रही है गंदे पानी की आपूर्ति

**सिवनी, देशबन्धु।** नगरपालिका में कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया गंदे पानी की जलापूर्ति करा रहे है यह बात उन्होंने खुद स्वीकार की है। नगरपालिका परिषद के विशेष सम्मिलन दिनांक 11/06/2025 प्रस्ताव क्रमांक 01 में उन्होंने स्पष्ट किया है कि पेयजल शुद्धीकरण में केमिकल्स(एलम ब्लीचिंग) के अभाव में पेयजल अशुद्ध प्रदाय होने के कारण जल स्वास्थ्य पर बुरा असर होने की संभावनाओं को देखते हुए, सप्लायर को काली सूची में डालने और अमानत राशि राजसात करने विचार किया जा रहा है।

यह आरोप कुछ दिन पूर्व कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया था, सिवनी नगरपालिका गंदा पानी देकर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, पानी शुद्धीकरण के लिए यदि केमिकल्स बराबर मात्रा में नही डाले जायेंगे तो गंदा पानी ही लोगो तक पंहुचेगा, पूर्व में इसी ठेकेदार द्वारा ब्लीचिंग एलम की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में की गई थी।

ऐसा क्या कारण है कि ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकारी अध्यक्ष बनते ही ठेकेदार द्वारा ब्लीचिंग एलम की सप्लाई नहीं दी जा रही है। यही हाल विद्युत समाग्री का है। अनेक स्थानों के स्ट्रीट लाईन बंद पड़ी है। पार्षदों द्वारा शिकायत करने पर संबंधितों से एक ही जवाब मिलता है विधुत समाग्री नहीं है। विधुत समाग्री क्यो क्रय नही की जा रही है यह भी एक विचारणीय प्रश्न है।

इन सब विषयों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मिल कर

### सप्लायर को काली सूची में डालने पर विचार



साफ पानी की जलापूर्ति एवं विधुत समाग्री की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने हेतु पार्षद शफीक खान, आकांक्षा शिबू सेंगर, नेहा धीरज पृथ्यानी, इश्रत नब्बू, राजिक अकील,चंदन खताबिया, महमूद भाई, जोएब जकी अनवर, राहुल बघेल ने मांग रखी है।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा गत 22 मई 2025 को मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को प्रदेश में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किये जाने संबंधी भेजे गये पत्र पर मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को आदेश जारी करने के निर्देश के परिपालन में प्रमुख अभियंता प्रदीप एस.मिश्रा नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. द्वारा प्रदेश की समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद, समस्त आयुक्त नगरपालिक निगम एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी छावनी परिषद को 9 जून 2025 को समस्त भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश की प्रतिलिपी पूर्व सांसद डॉ. बिसेन को भी भेजी गई है।



### पूर्व सांसद डॉ. बिसेन के पत्र पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

उल्लेखनीय है कि गत 22 मई 2025 को पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को इस आशय का पत्र लिखा गया था कि प्रदेश में ही नहीं देश में भी पेयजल एवं अन्य उपयोग में आने वाले जल की समस्या धीरे धीरे गम्भीर रूप ले रही है। इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण हो सकता है यदि भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करना अनिवार्य कर दिया जाये।

डॉ. बिसेन ने यह भी ध्यान आकृष्ट किया था कि सभी नगरीय निकायों में भवन निर्माण की अनुमति के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर दस हजार रूपये जमा कराये तो जाते हैं किंतु भवन का निर्माण करने वाले ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की है कि नहीं यह नहीं देखा जाता।

डॉ. बिसेन ने पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि मकान मालिक निर्माणाधीन मकान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं करता है तब प्रावधान है कि संबंधित नगरीय निकाय जमा किये गये दस हजार रूपये से यह व्यवस्था बनाये। प्राय: देखने में आया है कि इस संबंध में नगरीय निकाय कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

डॉ. बिसेन द्वारा दिये गये पत्र पर मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों को 9 जून 2025 को भवन अनुज्ञा के साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

## दैनिक राशिफल

**गुरूवार 12 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा नक्षत्र- मूल।**

मेष - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

मिथुन - आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। ( 356-578 )

कर्क - व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

सिंह - आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या - आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है। अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक - परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु - आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा।

मकर - आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है। आज आध्यात्मिकता की ओर रुझान अधिक रहेगा।

कुंभ - आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको लाभ मिल सकता है। संतान के साथ मेल-जोल अच्छा रहेगा। आय बढ़ेगी।

मीन - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। ( 156-124 )

2,7,5,0-12,47,58,09,26,98,03,44

# हनुमान लोक परियोजना पर पर्यटन सचिव से चर्चा

**सौसर, देशबन्धु।** चमत्कारिक हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जामसांवली के पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, मध्य प्रदेश शासन, शिवशेखर शुक्ला से भोपाल में भेंट की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करना था।

संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा , ट्रस्टी संदीप मोहोड़, एवं अजय धवले ने इस अवसर पर प्रमुख सचिव महोदय को श्री मूर्ति की प्रतिकृति भेंट कर हनुमान लोक परियोजना हेतु उनके सहयोग स्वरूप सम्मान किया। ज्ञात हो कि हनुमान लोक परियोजना का प्रथम चरण अब पूर्णता की ओर है, और इसका शीघ्र ही भव्य लोकार्पण होना है। यह परियोजना मध्य भारत में जाम सांवली को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।



### प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने दिया सहयोग का आश्वासन

बैठक के दौरान, प्रमुख सचिव शुक्ला ने हनुमान लोक जाम सांवली धाम के समग्र विकास हेतु मध्य प्रदेश शासन से यथासंभव सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने परियोजना के महत्व और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर जोर दिया।

संस्थान के पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश शासन और प्रमुख सचिव शुक्ला के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। यह सहयोग जाम सांवली में हनुमान लोक को एक अद्वितीय और प्रेरणादायक धार्मिक गंतव्य बनाने की दिशा में एक पहल है।

# अचानक लगी आग से दो दुकानें खाक

**लखनादौन, देशबन्धु।** नगर के कचहरी रोड स्थित दुकानों में बीती रात लगभग 3 बजे अचानक आग भड़क जाने के कारण तीन दुकानों की क्षति हो गई है।



जानकारी अनुसार कचहरी मार्ग से लगी अस्थाई दुकानों की चाल में दूध डेयरी, लोहा कार्य एवं सेलून की दुकानों में अचानक मध्य रात्रि को आग लग गई, जिसमें लोहा कार्य करने वाले की दुकान एवं सेलून कटिंग की दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई है वहीं इनसे लगकर दूध डेयरी की दुकान में आग ने दुकान में रखी कुछ सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

घटना की जानकारी दुकानंदारों को अपरान्ह 04 बजे लगी तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया किन्तु जब तक आग बुझती तब तक दो दुकान एवं उनमें रखी सामग्री जलकर खाक हो चुकी थी । इस घटना से सभी दुकानों में लगभग 2 से 3 लाख रूपये की क्षति का आंकलन किया गया है । दुकानदारों ने पुलिस थाना लखनादौन में उक्त घटना की शिकायत दर्ज करा दी है, तथा नगर पंचायत द्वारा आग पर काबू पाने के लिये फायर बिग्रेड पहुंचा कर आग बुझा दी गई है।